समाचार

# नदियाखार पहुंचे महापौर, अतिवर्षा प्रभावितों से मिले, कराई खाने–रहने की व्यवस्था



कोरबा 15 जून 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद आज निगम के वार्ड क्र. 53 नदियाखार बस्ती पहुंचे तथा अतिवर्षा से प्रभावित बस्ती के लोगों से भेंट की, उनकी समस्याओं का जायजा लिया तथा जिन व्यक्तियों के मकान पानी में डूब गए हैं, उनके रहने एवं भोजन आदि की व्यवस्था तत्काल किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, साथ ही अतिवर्षा से साग–सब्जी आदि फसलों को हुए नुकसान का जायजा भी लिया।

नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत नदियाखार बस्ती में विगत दो–तीन दिनों में हुई बारिश से कुछ बस्तीवासियों के मकानों को नुकसान पहुंचा है तथा उनके मकानों में पानी भर गया, जिससे उनके रहने, खाने की समस्या उत्पन्न हुई, इसकी जानकारी प्राप्त होते ही महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने जोन के अधिकारियों के साथ बस्ती का दौरा किया, बस्तीवासियों से भेंट की तथा नदी के किनारे बसे हुए जिन लोगों के मकान पानी में डूबे हैं, उनसे चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना। महापौर श्री प्रसाद ने बस्ती में स्थित प्राथमिक शाला एवं सामुदायिक भवन में इन प्रभावित परिवारों के ठहरने की व्यवस्था एवं उन्हें खाद सामग्री तत्काल उपलब्ध कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने बस्तीवासियों को आश्वस्त किया कि वे किसी प्रकार की चिंता न करें, हम उनके साथ में हैं तथा उनकी हरसंभव सहायता की जाएगी। महापौर श्री प्रसाद ने अन्य बस्तीवासियों से भी भेंट की तथा उनकी अन्य समस्याओं की जानकारी ली व निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता योगेश राठौर, पूर्व पार्षद रमेश नवरंग, भोला यादव, मनहरण, विनय लहरे, सुरेश पटेल, पार्षद पति बालीराम साहू, नाथू पटेल, बुधराम पटेल सहित अन्य बस्तीवासी उपस्थित थे।

थे।